### Representation from Trade Union Organisation

2585. SHRI SHRI CHAND GOYAL : Will the Minister of HOME AFFAIRS pe pleased to state :

(a) whether Government have received any representation from a trade union organisation to take steps to restore normalcy in Government offices ; and

(b) if so, the action taken thereon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) Government have received a number of representations from different trade union organisations on a number of issues connected with the recent strike of Central Government employees. Some of the representations received also contained suggestions to restore what they call 'normalcy' in Government offices.

(b) Government have taken all possible steps in this matter which have also been indicated by the Home Minister while intervening in the debate on the No Confidence Motion in the Lok Sabha on 12th November, 1968.

### Payment of Overtime Allowance to I A.C. Employees

2586. SHRI D. N. PATODIA :
SHRI R. R. SINGH DEO :

Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the overtime allowance paid to the employees of the Indian Airlines Corporation has more than doubled in the last three years ;

(b) if so, the amount paid during each of the last three years and the reasons for the abnormal increase ; and

(c) the steps taken to cut down the overtime bill ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH): (a) to (c). The amounts paid as Overtime Allowances to the employees of the Indian Airlines during the last three years are as follows :

| 1965-66 | 1966-67 | 1967-68 |
|---|---|---|
| | (Rupees in lakhs) | |
| 79.51 | 92.07 | 138.95 |

Staff has to be detailed for overtime duty due to exigencies of service and other operational reasons. The Indian Airlines are, however, conscious of the need to bring down the overtime bill are actively considering steps in that direction in consultation with the employees' Associations' Unions. They have recently introduced new Rules of Productivity, as a result of which overtime expenditure is expected to come down.

### फादर फरेर

2587. श्री नारायण स्वरुप शर्मा :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री रणजीत सिंह :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोई भी राज्य सरकार स्पेन के पादरी, फादर फरेर को अपने राज्य में रखने को तैयार नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो क्या उस पादरी को इस बात की सूचना दे दी गई है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री विद्या चरण शुक्ल : (क) और (ख) फादर फरेर पादरी (बिशप) नहीं है। उन्हें आंध्र प्रदेश में कार्य करने के लिये वीसा दे दिया गया है।

### तकनीकी अर्हता प्राप्त व्यक्तियों के लिये विदेशों में रोजगार

2588. श्री महाराज सिंह भारती : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तकनीकी अर्हता प्राप्त उन नवयुवकों के लिए विदेशों में रोजगार ढूंढने का प्रयत्न किया है, जो बेरोजगार हैं, ताकि वे विदेशी मुद्रा कमा सकें ; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार इसे देश के लिये हानिकारक समझती है अथवा सरकारी प्रयत्नों में विदेशों में रोजगार ढूंढना असम्भव है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) (क) और (ख). विदेशों में अपने दूतावासों के जरिये भारत सरकार मित्र विकासशील देशों को उनके विकास कार्यक्रमों में मदद देने के लिए भारतीय इंजीनियरों (और अन्य तकनीकी विशेषज्ञों) की सेवाएं प्रस्तुत करने के प्रयत्न करती आ रही है। पिछले 6 महीनों में 5 भारतीय इंजीनियरों को प्रतिनियुक्त किया गया है और 32 मामले विचाराधीन हैं।

### इंजीनियरी कालेजों तथा संस्थाओं में स्थानों का कम किया जाना

2589. श्री महाराज सिंह भारती :
श्री श्रीचन्द गोयल:
श्रीमती सुशीला रोहतगी :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विकास की गति अवरुद्ध हो जाने तथा योजना का काम रोक दिये जाने से इंजीनियरों के लिये रोजगार की कोई व्यवस्था न होने के कारण इंजीनियरों की बेरोजगारी के फलस्वरूप समस्त देश में इंजीनियरी कालेजों, पालिटैक्निकों तथा अन्य संस्थाओं में स्थान कम कर दिये गये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस कमी को प्रतिभा के संकुचन का प्रतीक नहीं समझती है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) (क) जी हां।

(ख) जी नहीं, चूंकि दाखिलों को, सही स्तर बनाए रखने और चौथी योजना के लिए तकनीकी व्यक्तियों की मांग के सम्बन्ध में उपलब्ध अनुदेशात्मक सामग्री के अनुपात में रखा जा रहा है।

### भारत में प्राथमिक शिक्षा

2590. श्री महाराज सिंह भारती : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार प्राथमिक शिक्षा के लिए साधारण स्कूलों तथा शिशु सदनों मांनटैस्री स्कूलों के धार्मिक स्कूलों तथा पब्लिक स्कूलों जैसे अन्य प्रकार के स्कूलों को प्रोत्साहन देने का है अथवा इस देश के सब बच्चों के लिये एक समान प्राथमिक शिक्षा प्रणाली आरम्भ करने का सरकार का विचार है ; और

(ख) यह उद्देश्य प्राप्त करने के लिये सरकार द्वारा क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) (क) सरकार चाहती है कि प्राथमिक स्तर, पर शिक्षा आयोग द्वारा मोटे तौर पर की गई सिफारिशों के अनुसार, यथाशीघ्र शिक्षा की एक समान स्कूल प्रणाली स्थापित की जाए।

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा सम्बंधी नीति में यह सिद्धान्त निर्धारित किया गया है। राज्य सरकारों से, जो प्राथमिक शिक्षा के लिए संवैधानिक रूप से जिम्मेदार है, इस नीति को कार्यान्वित करने का अनुरोध किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यकलाप पर व्यय

2591. श्री महाराज सिंह भारती : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1967-68 में सांस्कृतिक कार्यकलापों के प्रचार विस्तार और आयोजन पर सरकार ने कितनी धन राशि खर्च की है और चौथी योजना अवधि में इन कार्यों पर कितनी धन राशि खर्च करने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) आवश्यक सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जाएगी

### M/s. Urban Improvement Ltd., New Delhi

2592. SHRI HARDYAL DEVGUN : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Central Government have given an undertaking to get the affairs of M/s. Urban Improvement Ltd., New Delhi investigated